/

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदया,
गोण्डा।

पत्रांकः 3081 / M-38 / 37 दिनांकः 07/09/2026

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक ''उसरैना में पानी टंकी का निर्माण अधूराः दो साल से अटका काम, हर घर जल योजना पर सवाल'' पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से दिनांक 13.08.2026 को प्रकाशित खबर ''उसरौना में पानी टंकी का निर्माण अधूराः दो साल से अटका काम, हर घर जल योजना पर सवाल'' शीर्षक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है जनपद के विकास खण्ड रूपईडीह की उसरैना ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग, बाउण्ड्रीवाल, वितरण प्रणाली 17.30 किमी. के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा पम्प हाउस 60% शिरोपरि जलाशय 20% पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। विगत 18 माह से धनावंटन न होने के कारण कार्य बाधित रहा। वर्तमान में योजना में प्रस्तावित कार्यों को प्रारम्भ करा दिया गया है। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़ी/खोदी गयी सड़कों को मोटरेबल कर दिया गया है। योजना के समस्त कार्यो को मार्च, 2027 तक पूर्ण कर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांकः /09/2026

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, गोण्डा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उसरैना ग्राम पंचायत पेयजल परियोजना के अवशेष कार्यों एवं तोड़ी/खोदी गयी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner